FYUG Odd Semester Exam., 2023
(Held in 2024)

HINDI

(1st Semester)

Course No. : HINAEC–101T

(Hindi Communication)

Full Marks : 50
Pass Marks : 20

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

विभाग—क

प्रत्येक इकाई में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर देते हुए कुल **पंद्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1×15=15

इकाई—I

1. संप्रेषण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। [redacted]

2. वाचिक संप्रेषण का एक उदाहरण दीजिए।

3. समाचार-पत्र किस संप्रेषण का अंग है?

4. रेडियो किस संप्रेषण का अंग है?

इकाई—II

5. बोधन का अर्थ लिखिए।

6. वाद-विवाद क्या होता है?

7. स्वर नियंत्रण से क्या अभिप्राय है?

8. श्रवण किस संप्रेषण का स्तर है?

इकाई—III

9. व्यंजन ध्वनि किसे कहते हैं?

10. संहिता का अर्थ लिखिए।

11. समास किसे कहते हैं?

12. संज्ञा की परिभाषा लिखिए।

इकाई—IV

13. वाक्य रूपांतरण क्या है?

14. मिश्र वाक्य का एक उदाहरण दीजिए।

15. उपवाक्य का एक उदाहरण दीजिए।

16. "जो नाचती-गाती है, वह राधा है।" यह किस वाक्य का उदाहरण है?

इकाई—V

17. यात्रा वर्णन क्या होता है?

18. पत्र लेखन क्या है?

19. सार लेखन की विशेषता क्या है?

20. पल्लवन का शाब्दिक अर्थ क्या है?

विभाग—ख

प्रत्येक इकाई में से किसी एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2×5=10

इकाई—I

21. प्रत्यक्ष संप्रेषण को उदाहरण सहित समझाइए।

22. लिखित संप्रेषण को उदाहरण सहित समझाइए।

इकाई—II

23. प्रभावशाली संप्रेषण के लिए उच्चारण का क्या महत्त्व है?

24. संप्रेषण में वाचन का क्या महत्त्व है?

इकाई—III

25. मानक वर्तनी को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

26. संधि की परिभाषा तथा एक उदाहरण दीजिए।

इकाई—IV

27. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

28. निम्नलिखित वाक्यों के रूपांतरण निर्देशानुसार कीजिए :

(क) वह दिन-भर पढ़ता और रात में सोता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) राम सबको जानता है। (निषेधवाचक वाक्य में बदलिए)

इकाई—V

29. यात्रा वर्णन और समारोह वर्णन में क्या अंतर है?

30. सामान्य पत्र लेखन कितने प्रकार के होते हैं?

(Turn Over)

विभाग—ग

प्रत्येक इकाई में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर देते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5×5=25

इकाई—I

31. संप्रेषण के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

32. अप्रत्यक्ष संप्रेषण को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

इकाई—II

33. प्रभावशाली संप्रेषण के प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

34. स्वनियंत्रण, अनुतान एवं बलाघात के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

इकाई—III

35. अनुस्वार और अनुनासिकता को उदाहरण सहित लिखिए।

36. समास क्या है? समास के भेद उदाहरण सहित लिखिए।

इकाई—IV

37. मिश्र वाक्य और संयुक्त वाक्य को उदाहरण सहित लिखिए।

38. अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार उदाहरण सहित लिखिए।

इकाई—V

39. अपने महाविद्यालय में मनाए गए किसी समारोह पर एक लेख लिखिए।

40. निम्नलिखित में से किसी **एक** का पल्लवन कीजिए :

(क) जहाँ चाह, वहाँ राह।

(ख) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

★ ★ ★